सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,
पिलानी (राज.)

अ.अ./ई-।।।/विविध

दिनांक 31-12-2021

सूचना

विषय:- कोविड-19 एवं ओमिक्रोन के प्रसार को रोकने हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश:

संदर्भ (1) मुख्यालय परिषद के पत्र संख्या 5-1(17)/20085 दिनांक 29-12-2021 कोरोना-19 एवं ओमीक्रोन के प्रसार को रोकने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश।

संदर्भ (2) राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक 29-12-2021.

पिछले कुछ दिनों से देशभर में फैले ओमिक्रोन के मामलों, परिषद मुख्यालय से प्राप्त एडवाजरी/निर्देशों तथा राजस्थान सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के मद्देनजर, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने निर्णय लिया है कि:

1. **संस्थान में कार्यरत्त सभी कर्मचारी (स्थाई एवं अस्थाई) अपने स्वयं व परिवारजनों का संपूर्ण टीकाकरण सुनिशिचत करें और पात्र होने पर अतिरिक्त खुराक का लाभ उठाएँ। बुखार या सांस की बीमारी के लक्षण, भले ही हल्के हों, अनिवार्य रूप से जाँच करावें और प्रभावित कर्मचारी अपने विभागाध्यक्ष की अनुमति से घर से काम करें।**
2. **संस्थान व कॉलोनी में हर समय अच्छी तरह से फिटिंग और ठीक से पहने हुए N95/FFP2 मास्क का** पहनना **अनिवार्य होगा।**
3. **इमारतों व वाहनों के लिए ताजी हवा के वेंटिलेशन को अधिकतम व्यवस्था की जाए।**
4. **इन-पर्सन कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, लेक्चर मीटिंग, गेट-टुगेदर आदि का आयोजन कम से कम तथा कोविड अनुरूप व्यवहार के साथ आयोजित किये जाये ।**
5. **दस से अधिक लोगों की एक भौतिक सभा आयोजित की आवश्यकता हो तो, अच्छी तरह से फिटिंग और ठीक से पहने हुए मास्क के उपयोग का सख्ती से पालन किया जाए।**
6. **सभी सीएसआईआर-सीरी के कर्मचारियों द्वारा टीकाकरण, डिस्टेंसिंग, मास्किंग सहित सरकार द्वारा दिए गए सभी कोविड उपयुक्त व्यवहार का अनुपालन किया जाए।**
7. **सीरी कॉलोनी स्थित मार्केट के सभी व्यापारी स्वयं मास्क पहने व ग्राहको से मास्क पहनने तथा कोविड अनुरूप व्यवहार की अनुपालना सुनिशिचत करें।**
8. **सामाजिक दूरी व हैण्ड वॉश तथा सेनेटाईजर का यथा समय उपयोग करें सार्वजनिक स्थानों पर प्रत्येक व्यक्ति 06 फीट यानी (02 गज की दूरी) का विशेष ध्यान रखें ।**
9. **संस्थान व कॉलोनी परिसर के सार्वजनिक स्थलो पर थूकना पूर्णरूप से निषिद्ध है।**
10. **संस्थान व कॉलोनी परिसर के सभी प्रवेश व निकास द्वार / गेट पर थर्मल स्कैनिंग / हैण्ड वॉश और सेनेटाइजर का उपयोग करें। संस्थान की कैंटीन द्वारा चाय व जलपान की व्यवस्था मात्र राउंड पर रहेगी दोपहर के भोजन की व्यवस्था के समय भी कैफेटेरिया द्वारा कोविड प्रोटोकॉल की सख्ती से अनुपालना की जाएगी।**

महेन्द्र सिंह 31/12/2021

(महेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:

1. निदेशक / प्रशासनिक अधिकारी के निजि सचिव
2. सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमुखों को ई-मेल के माध्यम से।
3. सुरक्षा अधिकारी
4. आवासीय चिकित्सा अधिकारी, सीरी चिकित्सा केन्द्र ।
5. संस्थान के सभी सूचना पट्ट ।